संख्या—2309 / 9—आ—3—2002—23वि0 / 99

प्रेषक,

जे.एस.मिश्र,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण।
उत्तर प्रदेश।

2. अध्यक्ष,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण।
उत्तर प्रदेश।

3. आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
उत्तर प्रदेश।

4. अध्यक्ष / नियंत्रक प्राधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उत्तर प्रदेश।

आवास अनुभाग—3 लखनऊः दिनाँक—25 जून, 2002

विषय : उ0प्र0 में ''आपरेशन ग्रीन'' को सफल बनाये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या—3175 / 9—आ—3—2001—23 विविधि / 99 दिनांक 18 जुलाई, 2001 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 में **''आपरेशन ग्रीन''** को सफल बनाने हेतु प्रदेश में पारिस्थितिकीय संतुलन बनाये रखने, वातावरण को दूषित होने से बचाने, मृदा व जल संरक्षण सुनिश्चित करने तथा वृक्षों एवं वनों से लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण को बढ़ावा देना अति आवश्यक है। राष्ट्रीय वन नीति 1988 तथा राज्य वन नीति 1998 के अनुसार प्रदेश के 1 / 3 भाग को वनाच्छादित करने का संकल्प प्रदेश सरकार ने लिया है। इस नीति का पालन करते हुए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में बड़े पैमाने पर हरित अभियान चलाया जा रहा है।

2. उक्त शासनादेश को दृष्टिगत रखते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि हरित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए **''आपरेशन ग्रीन''** अभियान के अन्तर्गत सघन अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि ''आपरेशन ग्रीन'' को सफल बनाया जा सके।

भवदीय,

जे.एस.मिश्र
सचिव।

संख्या व दिनांक–तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, वन उ0प्र0 शासन को उनके पत्र दिनांक 10 जून, 2002 के सम्बंध में

2. मुख्य वन संरक्षक सामाजिक वानिकी, उ0प्र0 लखनऊ।

आज्ञा से,

संजीव कुमार

विशेष सचिव।